
# सीएमएचओ डॉ. गुर्जर ने खेतड़ी उप जिला अस्पताल का निरीक्षण किया

**झुंझुनूं,** (निसं)। सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर ने उप जिला अस्पताल खेतडी का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सीएमएचओ ने वार्डों में भर्ती मरीजों से मुलाकात कर सेवाओं का फीडबैक लिया।

सीएमएचओ डॉ. गुर्जर ने विभागीय योजनाओं कार्यक्रमों की प्रगति जानी साथ ही निशुल्क दवा योजना के क्रियान्वयन, दवाओं की उपलब्धता, संस्थागत प्रसव बढाने के संबंध में निर्देश दिए। डॉ. गुर्जर ने टीबी मुक्त अभियान की 100 दिवसीय कार्ययोजना के तहत की जाने वाली स्क्रीनिंग के प्लान की जानकारी लेकर टीबी की जांच का दायरा बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने मौसमी बीमारियों के मध्यनजर बढते मरीजों के लिए आवश्यक व्यवस्था सुधार के लिए पीएमओ डॉ. अक्षय शर्मा को निर्देश दिए। सीएमएचओ डॉ. गुर्जर ने खेतडी में बन रहे नए उप जिला अस्पताल के निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण कर गुणवत्ता जांची और निर्माण करने वाली एजेंसी के प्रतिनिधियों से बात की। उन्होंने बताया कि अस्पताल का निर्माण पूरे नियम और गाइडलाइन के अनुरूप होना चाहिए। निर्माण की गुणवता में कोई समझौता नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ. गुर्जर ने पीएमओ डॉ. अक्षय शर्मा को निर्माणाधीन भवन का नियमित निरीक्षण करने और नियमानुसार कार्य करवाने के निर्देश दिए।

■ निर्माणधीन भवन की गुणवत्ता की जांच कर निर्देश दिए



सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर ने उप जिला अस्पताल खेतड़ी का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं और व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

## सार-समाचार

### महिला संत समागम का आयोजन

**झुंझुनूं,** (निसं)। संत निरंकारी मंडल शाखा झुंझुनू में चूरू के महिला संत समागम का आयोजन किया गया। निरंकारी महिला संत समागम की अध्यक्षता बहन आशा गुजराल दिल्ली हेडक्वार्टर ने की। मुख्य वक्ता के रूप में साध संगत को संबोधित करते हुए कहा कि गुरु वचनों को संभाल कर रखना। उन्हें किरदार और कर्म में ढालना ही असल भक्ति है। यदि अगर यह ब्रह्मज्ञान जीवन में नहीं आता तो जीवन में अंधेरा ही अंधेरा था। ज्ञान की रोशनी से प्रकार जीवन में उजाला हुआ है। यह मिशन बाह्य शरीरों की बात नहीं करता। यह रूहानी आनंद को देने वाला है। मनमुटाव को दूर कर प्यार के पुल बनाता है। जाति धर्म से ऊपर उठकर मानव को एक होने का संदेश देता है। मनुष्य को शब्दों का प्रयोग हमेशा सोच समझ कर करना चाहिए। सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज के प्रेम, करुणा, दया, सहयोग, विश्वास और भक्ति का संदेश देना है। महाभारत में श्रीकृष्ण जी द्वारा सुदर्शन चक्र के लिए एक उंगली का प्रयोग हुआ था। परंतु प्रेम की प्रतीक बांसुरी में दोनों हाथों के साथ-साथ अंग प्रत्यंग का भी प्रयोग करना पड़ा। इसलिए प्रेम को संभालना एक कला है। बाल संस्कार व गृहस्थ में प्रेमपूर्वक रहने की शिक्षा देते हुए सभी के मंगल की कामना की। जोनल इंचार्ज महात्मा शिव भगवान बजाज ने आई हुई साथ संगत का आभार और धन्यवाद ज्ञापित किया। झुंझुनू की मुखी बहन सुमित्रा कटारिया ने भी भक्तिभाव से पूर्ण विचार व्यक्त किए। संचालन बहन निहारिका और डॉ. कंचन शर्मा ने किया। जोन स्तरीय महिला संत समागम में झुंझुनूं, चूरू, सीकर के हजारों निरंकारी संतों ने सहभागिता दी।

### कावड़ियों के लिए सेवा सत्कार शिविर लगाया

**मुकुंदगढ़,** (निसं)। सीकर-झुंझुनू रोड पर स्थित घोडीवारा बालाजी मंदिर परिसर स्थित शिवालय में सावन माह के अंतिम शनिवार को पैदल लोहार्गल से कांवड लाने वाले कांवड़ियों तथा सालासर बालाजी के पैदल यात्रियों के लिए सेवा शिविर लगाया गया। शिविर में कांवडियों एवं पैदल यात्रियों के लिए व सभी भक्तों के लिए भोजन, चाय, नाश्ता, दवा तथा ठहरने की व्यवस्था शिवा क्लब परिवार झुंझुनूं के संस्थापक नरेश कुमार टेलर व घोडीवारा का युवा मंडल तथा शिवभक्तों द्वारा सेवा की गई। शिव मंदिर पुजारी केदारमल शर्मा व बालाजी मंदिर पुजारी नारायण शर्मा के सानिध्य में भोलेनाथ बाबा का भव्य फूलों से शृंगार कर बाबा को भोग लगाकर महाआरती की गई। इसके बाद कांवड़ियों को पंगत में बिठाकर प्रसादी खिलाई गई। रात्रि को कांवडियों व भक्तों के लिए भजन कलाकारों में सुभाष शर्मा द्वारा भोले बाबा के भजनों की प्रस्तुति देकर बाबा को रिझाया। इस मौके पर मनोज शर्मा, रविंद्र शर्मा, उमाशंकर शर्मा, कुलदीप सांखला, नरेंद्र कुमावत, संदीप शर्मा, अमित मीणा, कुलदीप, सतपाल, आकाश, संतकुमार, आलोक सहित सैकड़ों भक्तगण सेवा में जुटे हुए थे।

### सेवानिवृत्त रामनिवास गुर्जर का सम्मान

**पाटन** (निसं)। जलदाय विभाग में वर्षों तक सेवा देने के पश्चात सेवानिवृत्त हुए रामनिवास गुर्जर के सम्मान में आयोजित सवामणी कार्यक्रम में भाजपा सैनिक प्रकोष्ठ की प्रदेश सहसंयोजक एवं शहीद विरांगना कविता सामोता ने शिरकत कर उन्हें सम्मानित किया। उन्होंने रामनिवास गुर्जर को दुपट्टा ओढ़ाकर एवं माल्यार्पण कर सम्मान प्रदान किया। इस अवसर पर सामोता ने कहा कि ''गिरिराज धरण से मैं रामनिवास के सुखी, स्वस्थ एवं समृद्ध जीवन की कामना करती हूं।'' कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य लोग एवं गुर्जर समाज के कई सदस्य उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान कविता सामोता ने पूर्व विधायक फूलचंद गुर्जर से भी शिष्टाचार भेंट की एवं सामाजिक समरसता और संगठनात्मक मजबूती को लेकर विचार-विमर्श किया।समारोह में गुर्जर समाज के लोगों ने शहीद विरांगना का आभार व्यक्त करते हुए सामूहिक रूप से रामनिवास गुर्जर को उनके सेवाकाल की उपलब्धियों के लिए शुभकामनाएं दीं और उनके योगदान की सराहना की।

### भागवत कथा 10 को

**कोलसिया,** (निसं)। बुगाला गांव की सिंघानिया धर्मशाला में श्रीमद्भागवत कथा 10 अगस्त से शुरू होगी। पुजारी ओमदास ने बताया कि जन सहयोग से होने वाली यह कथा राजस्थान अखाडा समिति के अध्यक्ष ब्रह्मचारी गणेश चैतन्य के सानिध्य में होगी। मुख्य अतिथि पूर्व चिकित्सा राज्य मंत्री डॉ. राजकुमार शर्मा व फिल्म डायरेक्टर क्षितिज कुमार होंगे। सुबह सवा नौ बजे कलश यात्रा निकाली जाएगी। जो ठाकुरजी मंदिर से रवाना होकर कथा स्थल पहुंचेगी व्यासपीठ पर नेछवा के पंडित राजेंद्र शास्त्री कथा वाचन करेंगे। इस दौरान निशुल्क चिकित्सा शिविर भी लगाया जाएगा। गांव के होनहारों व सर्व समाज की प्रतिभाओं का सम्मान भी होगा। जिसमें दसवीं व बारहवीं बोर्ड परीक्षाओं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले बुगाला के ही विद्यार्थी शामिल होंगे चाहे वो किसी भी स्कूल से परीक्षा उतीर्ण की है। नवनियुक्त डॉक्टर, शिक्षक, इंजीनियर अन्य उच्च पदों पर नियुक्त प्रार्थी अपने सर्टिफिकेट व अंकतालिका ठाकुरजी मंदिर में नौ अगस्त तक जमा कर सकते है।

### वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित

**सीकर,** (निसं)। शहीद इकबाल अली राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, मरडाटू छोटी में रविवार को शहीद इकबाल अली की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्य सुमन चाहर ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ, छात्र-छात्राओं व ग्रामीणों ने शहीद की शहादत को याद करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम में शहीद के पुत्र अरमान अली ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं को स्टेशनरी वितरित कर उन्हें पढ़ाई में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। श्रद्धांजलि सभा में वरिष्ठ अध्यापक महिपाल, धर्मेंद्र, हुलाश चंद्र जांगिड़, रामस्वरूप, राजेंद्र, गोविंद सहित समस्त विद्यालय स्टाफ, एसडीएमसी सदस्य, अभिभावक, ग्रामीणजन एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### बच्चों के हृदय रोगों की स्क्रीनिंग आज

**झुंझुनूं,** (निसं)। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत सोमवार को बच्चों में दिल के छेद यानी हृदय रोगियों की स्क्रीनिंग होगी। सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर ने बताया कि पल्स हॉस्पिटल झुंझुनूं में सोमवार बच्चों में दिल के छेद की बीमारी की स्क्रीनिंग महात्मा गांधी मेडिकल कॉलेज की कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. प्रेरणा भट्ट द्वारा की जाएगी। जिसके बाद आगे निशुल्क ऑपरेशन की डेट दी जाएगी। सीएमएचओ डॉ. गुर्जर ने बताया कि अभिभावक, माता पिता, टीचर आदि सभी ध्यान दे। उनके यहां कोई ऐसा बच्चा है जिसको दिल में छेद की बीमारी के लक्षण हैं या आरबीएसके टीम ने स्कूल, आंगनबाड़ी या मदरसों में जाकर स्क्रीनिंग कर सलेक्ट किया है। उसे जरूर सोमवार को पल्स हॉस्पिटल भेजे। ताकि आगे का उपचार संभव हो सके।

### पदभार संभाला

**झुंझुनूं,** (निसं)। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन आयुर्वेद विश्वविद्यालय जोधपुर की ओर निकाली गई भर्ती में झुंझुनूं के दो असिस्टेंट प्रोफेसर का चयन हुआ है। विश्वविद्यालय के अधीन यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ योग एंड नैचुरोपैथी जोधपुर में एसोसिएट प्रोफेसर (यूटीबी) के पद पर झुंझुनूं के बड़ागांव निवासी डॉ. रवि गुर्जर और लुट्टू निवासी डॉ. संजीव कुमार का चयन हुआ। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. चन्द्रभान सिंह के सक्षम दोनों ने एसोसिएट प्रोफेसर के रूप में पदभार ग्रहण कर लिया हैं। इसके बाद प्राचार्य डॉ. चंद्रभान सिंह ने दोनों नवनियुक्त एसोसिएट प्रोफेसर को मिठाई खिलाकर बधाई दी। इधर परिजनों व अन्य मित्र गणों ने भी बधाई प्रेषित की।

### शिविर में 121 रोगी लाभान्वित

**चूरू** (निसं)। स्थानीय दुर्गा भवन में रविवार को एक दिवसीय एक्यूप्रेशर फिजियोथेरेपी शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारम्भ डॉ. मोतीलाल सोनी ने दीप प्रज्जवलित कर किया। शिविर में कमर दर्द, घुटना दर्द, स्लिप डिस्क, गैस और डायबिटीज के 121 मरीजों का उपचार जापानी मशीनों द्वारा सीकर के डॉ. आर.एन. वर्मा, डॉ. गणेश सोनी, डॉ. पूजा शर्मा व डॉ. मोतीलाल सोनी ने निःशुल्क सेवाएं दी। इस अवसर पर हुकमीचंद सोनी, निरंजनलाल दर्जी व श्याम सुंदर ने सहयोगी भूमिका निभाई।

### आज 5 घंटे विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी

**चूरू** (निसं)। 33 केवी सातडा लाईन विद्युतीकरण रख-रखाव के लिए 4 अगस्त सोमवार को प्रातः 6:30 से 11:30 बजे तक 5 घंटे विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। जोधपुर डिस्कॉम के सहायक अभियंता (सातडा) पीयूष कुमार मीणा ने बताया कि रतनगढ रोड से महिंद्रा एजेंसी तक, जिसमे पंखा सर्किल, कृषि मंडी, हनुमान जी की ढाणी, गुर्जरों की ढ़ाणी, आपणो नगर, राम-रहीम कॉलोनी व इनसे सम्बन्धित क्षेत्रों के उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

## गौशाला में पौधारोपण किया

**नवलगढ़,** (निसं)। श्री गोपाल गौशाला बड़वासी में रविवार को हरित गौशाला अभियान के तहत ग्रामवासियों द्वारा अपने और परिजनों के नाम से पौधारोपण कर गौसेवा और पर्यावरण संरक्षण की अनुपम मिसाल पेश की है। गौशाला अध्यक्ष एडवोकेट कमलेश कुमावत ने बताया कि भामाशाह श्यामसुंदर सौंथलिया ने पेड़ लगाने के लिए 51 हजार रुपए, सांखला ट्रेडस नवलगढ़ व बजरंग बाडी उद्यान नर्सरी कारी का पौधारोपण के लिए विशेष सहयोग रहा और राजेंद्रप्रसाद मोदी व उनकी धर्मपत्नी पुष्पा देवी ने गौमाता के चारे के लिए 51 हजार रुपए का सहयोग किया है। इस अवसर पर बिरजूसिंह शेखावत, बहादुर सीगड, योगेश सोनी, कन्हैयालाल वाल्मिकी, राकेश सांखला, कृपाल धायल, जगमाल फारण, हालसिंह शेखावत, सुभाष सीगड़, जयप्रकाश दूत, हरलाल मास्टर, बनवारी रेप्सवाल, योगेश सेवदा, हनीसिंह शेखावत, रवि दूत, महिपाल पूनियां, नवीन शर्मा, इस्लाम, नरेंद्र निर्वाण, कमलेश दूत, पंकज कुलहरि, राजेश सेवदा, बनवारीलाल सैनी, महबूब अली, सुनील सीगड़, राकेश सेवदा, खेमचंद सीगड़, विकास मीणा, पंकज सीगड़, संजय जांगिड़, अनिल खीचड गुढ़ा, जयप्रकाश शर्मा, भीम बन्ना, बहादुर मीणा आदि गणमान्य नागरिकों के द्वारा वृक्षारोपण किया गया। सचिव मुकेश सीगड ने सभी कार्यकर्ताओं, दानदाताओं और ग्रामवासियों का आभार जताते हुए कहा हरित गौशाला अभियान केवल पौधरोपण नहीं, बल्कि भावनाओं, सेवा और संस्कृति से जुडाव का प्रतीक बन चुका है।

# नटखट मंडल का 7वां शिव महारुद्राभिषेक संपन्न



सीकर में नटखट मंडल द्वारा राधाकिशनपुरा स्थित त्रिमूर्ति राधा कृष्ण मंदिर में 7वां महाशिव रुद्राभिषेक का कार्यक्रम संपन्न हुआ।

**सीकर** (निसं)। नटखट मंडल द्वारा राधाकिशनपुरा स्थित त्रिमूर्ति राधा कृष्ण मंदिर में 7वां महाशिव रुद्राभिषेक का कार्यक्रम संपन्न हुआ। समिति सदस्य कमल पटवारी और गोवर्धन लाल अग्रवाल ने बताया कि सावन के पावन महीने में भोलेनाथ को प्रसन्न करने के उद्देश्य से 34 जोडो ने पंडित सुनील शर्मा के सानिध्य में नव पंडितों द्वारा विधिवत रूप से रुद्राभिषेक करवाया।

लाल बहादुर अग्रवाल और नवरंगलाल अग्रवाल ने बताया कि रुद्राभिषेक की एकादश मालाओं के साथ, मंत्रोच्चारण के बीच,यह अभिषेक संपन्न हुआ। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए नटखट मंडल के सदस्यों ने एक टीम बनाई थी। शिवभगवान मित्तल और सज्जन अग्रवाल ने जानकारी दी कि सभी सदस्यों द्वारा शिवजी को अष्ट रस अर्पित किए गए और महाकाल की आरती के साथ भोलेनाथ का अत्यंत सुंदर श्रृंगार किया गया। इस अवसर पर भक्तगणों ने भजनों पर नृत्य भी किया। राधाकिशनपुरा के सभी श्रद्धालुओं ने इस आयोजन में बढ-चढकर हिस्सा लिया। इस भव्य कार्यक्रम में गुरुवर एवं श्यामपुरा बालाजी इवेंट के दीपांशु मित्तल और पटवारी महिला मंडल का भी विशेष सहयोग रहा।रुद्राभिषेक की व्यवस्थाओं में संतोष पटवारी, बाबूलाल अग्रवाल, संजय अग्रवाल, अमित चिरानिया, विनोद पटवारी,विष्णु अग्रवाल, जितेंद्र खेतान, रामलखन चिरानिया, गौरी शंकर मित्तल, दीपांशु मित्तल, महेंद्र सैनी, सुशील मित्तल,पवन अग्रवाल आदि की उपस्थिति रही। अंत में, सभी भक्तों के लिए प्रसाद की व्यवस्था भी की गई।

# स्मार्ट मीटर के विरोध में किसानों ने भरी हुंकार

**झुंझुनूं,** (निसं)। भारतीय किसान संघ की जिला बैठक आहुति भवन झुंझुनूं में जिलाध्यक्ष डॉ. पवन चौधरी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिला बैठक में जयपुर प्रांत के प्रांत संगठन मंत्री बनने पर नीरज कुमार का साफा पहना कर प्रांत उपाध्यक्ष जगदीश गुर्जर ने सम्मान किया गया। नव नियुक्त प्रांत संगठन मंत्री नीरज कुमार ने गांवों में ग्राम समिति के माध्यम से किसानों की समस्याएं दूर करने पर जोर दिया। किसानों ने स्मार्ट मीटर की खामियों पर विस्तार से चर्चा की। स्मार्ट मीटर का विभिन्न स्तरों पर विरोध करने की रणनीति तैयार की गई। इस मौके पर सैंकडों की संख्या में जिलेभर से आए पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थिति थे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक मुकेश कुमार ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। मुकेश कुमार ने कहा कि प्रांत संगठन मंत्री नीरज कुमार आत्मीयता से कार्यकर्ताओं को जोड़े रखते हैं। इससे पहले संभाग मंत्री मोतीसिंह ने विभाग प्रचारक मुकेश कुमार, भारतीय किसान संघ के प्रांत उपाध्यक्ष जगदीश गुर्जर, जिला संघ चालक मानसिंह, जिला प्रचारक भगत सिंह का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर भारतीय किसान संघ के प्रांत प्रचार प्रमुख दिनेश गोरसिया, संभाग उपाध्यक्ष बलबीर सिंह चुडैला, संभाग मंत्री मोतीसिंह, किसान संघ के जिलाध्यक्ष डॉ. पवन चौधरी, जिला मंत्री सूबेदार गुगन, जिला उपाध्यक्ष सुभाष सांईंपंवार, जिला प्रचार प्रमुख नरेश हमीनपुर, जिला युवा प्रमुख नरेंद्र औलखा, बिसाऊ तहसील अध्यक्ष सुरेश चौधरी, तहसील मंत्री महावीर सिंह चाहर, पिलानी तहसील अध्यक्ष मोहर सिंह बलवदा, गुढ़ागौड़जी तहसील अध्यक्ष बालगंगाधर बराला, तहसील मंत्री नरेंद्रसिंह नरूका, मुकुंदगढ़ तहसील अध्यक्ष बनवारी पूनियां, नवलगढ़ तहसील अध्यक्ष अमरचंद ढाका, तहसील मंत्री मातादीन, बुहाना तहसील अध्यक्ष रघुवीर सिंह एवं मंत्री बलबीर सिंह भी उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता के चित्र, भगवान बलराम के चित्र के सामने दीप प्रज्ज्वलित कर एवं किसान संघ के ध्वज का ध्वजारोहण करके किया गया।

# स्थानांतरण सहित विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलन करेगा शिक्षक संघ राष्ट्रीय

**चूरू** (निसं)। स्थानीय सोती आदर्श विद्या मंदिर में राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) की जिला कार्यकारिणी की बैठक रविवार को पर्यवेक्षक सुशीला कस्वां के नेतृत्व में व जिलाध्यक्ष शिवकुमार शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

मीडिया प्रभारी व सभाध्यक्ष विकास पारीक ने बताया कि जिलाध्यक्ष शर्मा ने बैठक में विभिन्न बिंदुओं की जानकारी देते हुये तृतीय श्रेणी शिक्षकों सहित सभी संवर्गों के स्थानांतरण, समय पर पदोन्नित, गैर शैक्षिणक कार्यों से मुक्ति, जिले में ग्रीष्मावकाश का वेतन व नियुक्ति तिथि से समस्त परिलाभ, क्रमोन्नत विद्यालयों में पद सृजन, वेतन व्यवस्था, शारीरिक शिक्षकों व कॉमर्स के शिक्षकों की नियमित पदोन्नित, कंप्यूटर अनुदेशकों की समस्याएं, वेतन विसंगति व खेमराज कमेटी की सिफारिशें लागू करने, 8,16,24 व 32 वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर एसीपी व शिक्षक के सेवाकाल में कम से कम तीन पदोन्नित अनिवार्य करने, पदोन्नित परित्याग पर दंड व्यवस्था हटाकर समस्त लाभ देने, सदस्यता अभियान की समीक्षा, उपशाखा चुनाव और जिला सम्मेलन की तिथी निर्धारण, हमारा विद्यालय-हमारा तीर्थ, हमारा विद्यालय-हमारा स्वाभिमान, संकल्प दिवस मनाने, एबीआरएसएम के राष्ट्रीय अधिवेशन सहित संगठन के प्रणेता स्व. जयदेव पाठक के जन्मशताब्दी वर्ष के समापन समारोह पर 17 अगस्त को जयपुर में होने वाले कार्यक्रम सहित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई।

इस अवसर पर अतिरिक्त जिला मंत्री योगेश कुमार छिम्पा ने स्थानांतरण के लिए प्रदेश नेतृत्व के आव्हान का स्वागत करते हुए संघर्ष के लिए जिले के कार्यकर्ताओं से तैयार रहने की अपील की। मीडिया सह प्रभारी कन्हैयालाल सैनी व पंकज पंचलंगिया ने बताया कि पर्यवेक्षक सुशीला कस्वां ने संघर्ष की इस कडी में 7 अगस्त को उप शाखा कार्यकारिणी द्वारा उपखंड अधिकारी और 14 अगस्त को विधायक व जनप्रतिनिधियों के माध्यम से देने का आव्हान किया।

बैठक में जिला कोषाध्यक्ष बनवारीलाल जांगिड, रतनगढ से ओमप्रकाश महर्षि, जगनाराम, सरदारशहर से जगदीश जोशी, रमेश सैनी, सुशील गोस्वामी, आशाराम, मनोज गौड, राजगढ से बीरबल शर्मा, द्वारका प्रसाद, अमित छींपा, सुजानगढ़ से कमल जाखड, मनोज शर्मा, कन्हैया लाल सिंगोदिया, रंजन अत्री, रामोतार शर्मा, चूरू से प्रभुदयाल सिंगोदिया, होशियार चंद्र सारस्वत, जिला महिला उपाध्यक्ष रेणु सुईवाल, देवकीनंदन स्वामी, सुरेंद्र परिहार, अनुपम सैनी सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे।




चूरू में राजस्थान शिक्षक संघ ( राष्ट्रीय ) की जिला कार्यकारिणी की बैठक आयोजित हुई।

## सार-समाचार

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने बैठक में हिस्सा लिया

**झुंझुनूं,** (निसं)। भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चे के प्रदेशाध्यक्ष हमीद खान मेवाती के नेतृत्व में भाजपा प्रदेश कार्यालय जयपुर में डॉ. कलाम स्टार्ट अप यूथ अवार्ड 2.0 कार्यक्रम को लेकर प्रदेश स्तरीय बैठक आयोजित हुई। मोर्चे की बैठक में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे के झुंझुनू जिले के मुख्य पदाधिकारी शामिल हुए। जिसमें मुख्य वक्ता भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड, मुख्य अतिथि मोर्चे के राष्ट्रीय अध्यक्ष हाजी जमाल सिद्दीकी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। मोर्चे की बैठक से पहले भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे के जिलाध्यक्ष शौकत अली चौहान ने झुंझुनूं जिले के मोर्चा पदाधिकारियों की और से भाजपा प्रदेश कार्यालय जयपुर में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे के राष्ट्रीय अध्यक्ष हाजी जमाल सिद्दीकी को पार्टी का दुपट्टा पहना कर व फूलों का गुलदस्ता भेंट कर सम्मान किया और मोर्चे के जिलाध्यक्ष शौकत अली चौहान ने मोर्चे के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी को ज्ञापन देकर झुंझुनूं जिले के मोर्चे के कार्यकर्ताओं की राज्य व केंद्र सरकार द्वारा गठित की जाने वाली बोर्ड निगमों की कमेटियों में ज्यादा से ज्यादा संख्या में भागीदारी सुनिश्चित करने की मांग की। साथ ही भ्रष्टाचार में लिप्त दूसरे दलों से आकर भाजपा में शामिल हुए छपास के रोगी लोगों पर लगाम लगाने की बात कही। इस अवसर पर मोर्चे की प्रदेश स्तरीय बैठक में मोर्चे के जिला महामंत्री रुस्तम अली कांट, लुकमान खान गांगियासर, हाजी अब्दुल रहमान मोम, हाजी मोहम्मद अय्यूब, भाजपा नेता मोहम्मद अय्यूब खत्री, इकबाल खान, शाहिद फारूकी, एडवोकेट जाफर खान, शफीक पीरजी, यासीन खान लुहार सहित अनेक प्रमुख कार्यकर्ता शामिल हुए।

### गोस्वामी संयोजक नियुक्त

**रतनगढ़** (निसं)। लघु उद्योग भारती की रतनगढ़ इकाई के सदस्यता अभियान को लेकर बैठक आयोजित की गई। रीको इंडस्ट्रियल एरिया के सीता हैंडीक्राफ्ट में आयोजित बैठक के मुख्य अतिथि लघु उद्योग भारती जयपुर प्रांत अध्यक्ष महेंद्र मिश्रा थे। मिश्रा ने लघु उद्योग भारती के वर्चस्व की चर्चा करते हुए उद्योग संबंधी विभिन्न समस्याओं के निराकरण में इसकी भूमिका को रेखांकित किया। विशिष्ट अतिथि जयपुर प्रांत उपाध्यक्ष विष्णु अवतार शर्मा, कार्यकारी सदस्य दौलत तंवर और चूरू इकाई अध्यक्ष सुभाष जांगिड ने भी बैठक में उपस्थित सदस्यों को संबोधित किया। लघु उद्योग भारती इकाई रतनगढ़ का गठन करने के लिए उद्यमी चतुर्भुज गोस्वामी को संयोजक नियुक्त किया गया। गोस्वामी ने रतनगढ़ क्षेत्र की उद्यम इकाइयों की ज्वलंत समस्याओं से मुख्य अतिथि को अवगत करवाया। रतनगढ़ रीको औद्योगिक संघ अध्यक्ष धन्नाराम सुथार ने आभार प्रकट किया। इस अवसर पर सीताराम जांगिड़, देवेंद्र यादव, राधाकृष्ण जांगिड़, सीताराम शर्मा, राधाकृष्ण सैनी, लीलाधर सराफ, गोविंद सोनी, पवन सिंह, राहुल यादव, महेश सैनी सहित अनेक उद्यमी उपस्थित थे। कार्यक्रम संचालन अनिरुद्ध गोस्वामी ने किया। कार्यक्रम के पश्चात अतिथिगणों ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण की सुरक्षा का संदेश दिया।

### गीता क्लासेज को एक वर्ष पूर्ण होने पर चूरू वासियों ने हर्ष व्यक्त किया

**चूरू** (निसं)। सराफ फाउंडेशन की ओर से मुरली सराफ के निर्देशन में प्रत्येक रविवार को भास्कर भवन में चल रही गीता क्लासेज को सफलता पूर्वक एक वर्ष पूर्ण होने व रतनगढ़ में गीता क्लासेज शुरू होने पर चूरू वासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुये सराफ को बधाइयां दी। इस दौरान रविवार को 12,15 व 16वें अध्याय को पूर्ण करने वाले बच्चों को उपहार प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में गीता क्लासेज परिवार के प्रमोद गॉड को पोस्ट ऑफिस बैंक में राजस्थान यूनियन के अध्यक्ष चुने जाने पर उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम संयोजक संजय सिंघानिया ने बताया कि गीता क्लासेज के जर्नादन आचार्य, महेश शर्मा, निरंजन आचार्य, मोहित सिंघानिया, माधुरी शर्मा, दिव्या शर्मा, पूजा खंडेलवाल, दिव्या भाटी, मीनाक्षी शर्मा, रेनू बजाज, ममता शर्मा, विजयलक्ष्मी शर्मा आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम में गीता क्लासेज के सभी सदस्यों ने संकल्प लिया कि हम आजीवन गीता क्लासेज चलाएंगे और इसकी शाखाओं को बढ़ाएंगे। इस दौरान मुरली सराफ ने वीडियो कॉन्फ्रेंस से गीता क्लासेज के सभी कार्यकर्ताओं का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### सी.एम. का आभार जताया

**चिड़ावा,** (निसं)। राजस्थान के भागीरथ बने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पिलानी की जनता को बडी सौगात दी है। इस दिशा में वित्तीय स्वीकृति जारी कर दी गई है। जिससे मलसीसर डेम से मंड्रेला तक आने वाले पानी को 18 इंच पाईप लाइन के ज़रिए पिलानी तक लाया जाएगा। जिससे क्षेत्र में व्याप्त बहुत ही बडी पेयजल समस्या का समाधान हो सकेगा। मुख्यमंत्री ने जनता से किया गया वादा निभाया है। मुख्यमंत्री की इस सौगात के बाद राजस्थान सरकार के ओबीसी आयोग के सदस्य पवन सैनी मावंडिया ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार जताया। मावंडिया ने कहा है कि राजस्थान की भजनलाल सरकार जो वादा करती है, वो वादा निभाती है। मुख्यमंत्री लगातार झुंझुनूं जिले की समस्या को लेकर फीडबैक लेते रहते है और जनता की समस्या को चिह्नित कर उनका समाधान भी करते है, आज उसी का उदाहरण है कि मुख्यमंत्री ने पिलानी की जनता से किया हुआ वादा निभाया है। मुख्यमंत्री जन समस्याओं को लेकर कितने संवेदनशील है और सिर्फ झूठे वादे नहीं, बल्कि जो वादा करते है, वो निभाने में मुख्यमंत्री एवं भाजपा सरकार विश्वास रखती है।

### कार्यकारिणी गठित

**तारानगर** (निसं)। तारानगर के जाट भवन में जाट विकास संस्थान की बैठक हुई जिसमें नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। सर्व सहमति से हरीसिंह बेनीवाल, बनेसिंह मोगा, प्रेमसुख कुलड़िया, नरेंद्र दूत, गोपीराम भांभू को संरक्षक बनाया तो वहीं चंद्रावली देवी बेनीवाल को पुनःअध्यक्ष तथा तिलोकाराम कस्वां को उपाध्यक्ष, कर्नल रामकुमार कस्वां सचिव, कैप्टेन मदन कालेर व्यस्थापक, रामकिशन कुलड़िया कोषाध्यक्ष, हेतराम भाकर, रामस्वरूप झाझड़िया, जगदीश कस्वां, ओम भाकर, देवकरण कस्वां, रामप्रसाद सहारण, बलवीर मुहाल, राजेन्द्र धेतरवाल, हेमराज मोठसरा, रामकुमार फांडर, रमेश कस्वां, राजेन्द्र भाकर, बजरंग सिहाग, मंगल महला, अविनाश गोदारा, अनिल कस्वां को सदस्य मनोनीत किया गया तथा सभी गणमान्य जनों ने समाज की एक जुटता पर विचार विमर्श किए।

### शिखा को पीएचडी की उपाधि

**झुंझुनूं,** (निसं)। जिले के ग्राम नानवास की शिखा चौधरी को मोदी विश्वविद्यालय लक्ष्मणगढ़ के अंग्रेजी विभाग ने पीएचडी (डॉक्टर ऑफ फिलोसफी) की उपाधि प्रदान की है। उन्होंने अपना शोधकार्य जेके रोलिंग की हैरी पॉटर शृंखला तथा अमीश त्रिपाठी की शिव त्रयी साहित्य में मनोवैज्ञानिक अभिघात एवं स्वास्थ्य पर पूर्ण किया है। यह शोध कार्य अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अशोकसिंह राव के निर्देशन में पूर्ण किया गया। उनके कई रिसर्च पेपर देश तथा विदेश की यूजीसी से मान्य पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुके हैं। वह अपनी उपलब्धियों का श्रेय अपने पिता सुरेंद्र सिंह कालीरावणा हाल एक्सईएन एवीवीएनएल (एमएंडटी), गुरुजनों, परिजनों एवं मित्रगणों को देती हैं।

### व्हील चेयर भेंट की

**झुंझुनूं,** (निसं)। राजस्थान दिव्यांग सेवा संस्थान के सदस्य मुकेश कुमार सैनी व अन्य ने दिव्यांग महिला भगवानी पत्नी रंगपाल सैनी के घर जीवाराम की ढाणी बगड जाकर व्हील चेयर संस्थान द्वारा निशुल्क भेंट की गई। दिव्यांग सेवा संस्थान 25 सालों से दिव्यांग कल्याण का कार्य कर रही है। दिव्यांग महिला भगवानी देवी को व्हील चेयर मिलने पर बहुत खुशी हुई व संस्थान का आभार प्रकट किया। महिला की परेशानी देखते हुए यह व्हील चेयर इनके घर पर ही उपलब्ध करवा दी गई।

### मतदान केन्द्रों का पुनर्गठन के सबंध में बैठक 6 को

**सीकर** (निसं)। उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार ने बताया कि 1200 से अधिक मतदाता वाले मतदान केन्द्रों का पुनर्गठन, सुव्यवस्थिकरण किया जाना है। जिसके संबंध में आवश्यक चर्चा करने के लिए जिला निर्वाचन अधिकरी एवं जिला कलेक्टर के कार्यालय में 6 अगस्त 2025 को प्रात:11 बजे बैठक आयोजित की जायेगी।

### तुलसी के पौधे भेंट किए

**चिड़ावा,** (निसं)। राउमावि कुतुबपुरा में हरियालो राजस्थान के तहत भाजपा नेता राजेश दहिया ने 151 तुलसी के पौधे विद्यार्थियों और ग्रामवासियों को भेंट कर तुलसी के धार्मिक आस्था और वैज्ञानिक महत्व पर प्रकाश डाला। तुलसी के पौधों की व्यवस्था पर्यावरण प्रेमी बीरबल चौहान ने की। विद्यालय की व्याख्याता निर्मला राव ने अपनी बेटी प्रियांशी राव के जन्मोत्सव पर 16 हजार रूपए की राशि विद्यालय विकास के लिए भेंट की।